प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना



---

01. वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट आज राज्यसभा और लोकसभा में पेश की गयी।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक–दो हजार पच्चीस पेश किया। विधेयक का उद्देश्य आयकर कानून को सरल बनाना है।

03. राज्य सरकार ने ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत सैंतीस जिलों में ग्यारह हजार दो सौ इक्यावन पथों के रख–रखाव और प्रबंधन को स्वीकृति दी।

04. और, आज विश्व रेडियो दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को दी शुभकामनाएं।

---

वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट आज राज्यसभा और लोकसभा में पेश की गयी। आज जब राज्यसभा की बैठक शुरू हुई तो भाजपा सांसद डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी ने रिपोर्ट की एक प्रति सदन में रखी। रिपोर्ट रखे जाने के बाद कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे सदन की कार्यवाही चलने देने का आग्रह किया, लेकिन हंगामा जारी रहा। बाद में सभापति ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, लोकसभा में जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट सदन पटल पर रखी। रिपोर्ट पेश करते ही विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्यों ने अपनी आपत्तियों को शामिल नहीं करने का आरोप लगाते हुए इसे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन बताया।

---

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में नया आयकर विधेयक–दो हजार पच्चीस पेश किया। विधेयक को जांच के लिए संसद की प्रवर समिति के पास भेज दिया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को सरल और समेकित बनाना है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रस्तावित कानून में मौजूदा आयकर अधिनियम की तुलना में धाराओं और अध्यायों की संख्या कम की गई है ताकि

आम नागरिक आसानी से समझ सकें। श्रीमती सीतारामन ने विधेयक के बारे में कुछ विपक्षी सांसदों द्वारा उठाई गई आपत्तियों को खारिज कर दिया।

---

केंद्र सरकार विभिन्न राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं को एक साथ लाने की योजना बना रही है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के लोगों के लिए कई पेंशन योजनाएं उपलब्ध हैं। इनमें अटल पेंशन योजना, पीएम श्रमिक मंथन और पीएम श्रम योगी मंथन शामिल हैं।

———बाइट———

आज देश में 7 करोड लोगों को 5 लाख की मुक्त इलाज की गारंटी दी गई है। पिछले बजट में अनाउंसमेंट हुआ 70 अबव से अधिक एज वाले सभी बुजुर्ग लोगों को भी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाया गया और इस चालू बजट में भी अनाउंसमेंट किया गया, जो गिग वर्कर्स हैं, छोटे लोग हैं जो हर दिन एक एग्रीगेट्स के अंडर में काम करता है1 इन लोगों को भी आयुष्मान भारत योजना में लाया जाएगा तो कुल मिलाकर 65 करोड लोगों को एक टाइप की हेल्थ सिक्योरिटी भी हो जाएगी।

---

राज्य सरकार ने ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत सैंतीस जिलों में ग्यारह हजार दो सौ इक्यावन पथों के पुनर्निर्माण, सुदृढ़ीकरण और प्रबंधन को स्वीकृति दी है। इन पथों की कुल लंबाई उन्नीस हजार आठ सौ सड़सठ किलोमीटर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि सत्रह हजार दो सौ छियासठ करोड़ रूपये की राशि से सात सालों तक इन पथों का रख–रखाव होगा।

———बाइट———

वहीं, एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री बालक–बालिका पोशाक योजना तथा बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत अप्रैल महीने से पोशाक की राशि हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में गया जिले में एक हजार चार सौ सैंतीस करोड़ रूपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और

शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिले के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की।

---

नगर विकास और आवास विभाग के मंत्री नितिन नवीन ने आज जमुई में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के तहत प्रस्तावित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्रेयसी सिंह भी मौजूद थीं।

---

नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के लिए नवम्बर महीने की डेल्टा रैंकिंग में औरंगाबाद जिले को देशभर में पहला स्थान मिला है। जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि इसके तहत जिले को दस करोड़ रूपये अतिरिक्त प्रदान किये जायेंगे। यह राशि विभिन्न विकास कार्यों में खर्च की जाएगी।

–––बाइट–––

---

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तीसरे एपिसोड में आज एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने छात्रों से बातचीत में कहा कि हमें टेक्नोलॉजी को अपने अधीन करना चाहिए, स्वामी नहीं बनाना चाहिए।

–––बाइट–––

---

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाने और रेडियो के जरिए सूचना पाने को प्रोत्साहन देने के लिए हर साल तेरह फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय है – **रेडियो और जलवायु परिवर्तन।** एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, रेडियो एक शक्तिशाली माध्यम है। प्रसार भारती के अध्यक्ष

नवनीत सहगल ने कहा कि बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के आदर्श वाक्य के साथ रेडियो आज भी जन–जागरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

–––बाइट–––

आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि रेडियो मनोरंजन के साथ–साथ सीखने का सबसे अच्छा माध्यम है।

–––बाइट–––

आकाशवाणी समाचार के साथ रेडियो के कुछ नियमित श्रोताओं ने अपने अनुभव साझा किए।

–––वॉक्सपॉप–––

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। औसत न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड बढ़ी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आ सकती है।

–––बाइट–––

---

आज शब–ए–बरात है। इस्लामी कैलेंडर के आठवें महीने शाबान की पन्द्रह तारीख को शब–ए–बरात का पर्व मनाया जाता है। इस अवसर पर लोग विशेष इबादत करते है। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों को बधाई और शुभकामनायें दी हैं।

---

थाईलैंड में आयोजित एशियन रोड एंड पैरा साईकिलिंग प्रतियोगिता में दरभंगा के मोहम्मद जलालुद्दीन अंसारी ने कांस्य पदक जीता है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. वक्फ संशोधन विधेयक–दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट आज राज्यसभा और लोकसभा में पेश की गयी।

02. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक–दो हजार पच्चीस पेश किया। विधेयक का उद्देश्य आयकर कानून को सरल बनाना है।

03. राज्य सरकार ने ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत सैंतीस जिलों में ग्यारह हजार दो सौ इक्यावन पथों के रख–रखाव और प्रबंधन को स्वीकृति दी।

04. और, आज विश्व रेडियो दिवस है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर लोगों को दी शुभकामनाएं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।